दिनांक 08.05.2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं

सुदर भिलाई

डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए घरों में किया जा रहा है टेमीफास् का वितरण , नालियों की सफाई के बाद चुना व ब्लीचिंग का छिड़काव

भिलाईनगर / निगम भिलाई के स्वास्थ्य विभाग का अमला गली-मोहल्लों के वार्डों के क्षेत्रों में हैंड स्प्रे से फॉगिंग कार्य में जुटे हुए हैं तथा मच्छर उन्मूलन के लिए घरों में टेमीफास् वितरण कर रहे हैं। वार्ड क्रमांक 25 संतोषी पारा के 300 से अधिक घरों में टेमीफास् का वितरण किया गया इसी तरह अन्य क्षेत्रों में भी वितरण किया जा रहा है!
अपील निगम प्रशासन आमजन से अपील करता है कि बरसात के पानी को विभिन्न पात्रों में जमा न होने दें, आसपास स्वच्छता बनाए रखें , निगम द्वारा बांटे जा रहे टेमीफास् को बच्चों से दूर रखें , इसका उपयोग ऐसे जमा पानी में करें जहां पर डेंगू का लार्वा उत्पन्न होने की संभावना हो , पेयजल आदि में इसका उपयोग नहीं किया जाना है , अपने घर के आसपास के टायर , गमला आदि पात्रों में पानी जमा न होने दें! कूलर के पानी को प्रतिदिन नियमित रूप से परिवर्तन करें और आवश्यकता होने पर टेमीफास् का दो बूंद डेंगू लार्वा को नष्ट करने के लिए उपयोग करें , मच्छरों से बचने के लिए मच्छरजाली का उपयोग करें, डेंगू का लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी केंद्र में संपर्क कर चिकित्सीय जांच कराएं!
मच्छरों के प्रकोप के रोकथाम हेतु सभी वार्डों में लगातार फॉगिंग कार्य जारी है

जनसम्पर्क अधिकारी